केवल आप के लिये
गांव–गांव शहर–शहर देश दुनियां में अपनों तक पहुंचाना है तो :भारतीय बस्ती दैनिक वेब www.bhartiyabasti.com और उसका छपा संस्करण सबसे बेहतर माध्यम
सम्पर्क–bhartiyabasti@gmail.com
मो0 9450567450| 9336715406

# दैनिक भारतीय बस्ती

भारतीय बस्ती
www.bhartiyabasti.com के लिये विज्ञापन बुक कराये। विचार, प्रचार का सशक्त माध्यम
सम्पर्क
मो0 9450567450
9336715406

भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :46 अंक 42 मंगलवार 3 सितम्बर 2024 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com

## एक नजर

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय 3 को बस्ती में



—भारतीय बस्ती संवाददाता—

बस्ती। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय 3 सितम्बर मंगलवार को बस्ती आयेंगे। वे यहां अटल बिहारी बाजपेई प्रेक्षागृह में 12.30 बजे पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की बैठक के बाद जनसभा को सम्बोधित करेंगे।

यह जानकारी देते हुये कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व प्रत्याशी देवेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि इसके पूर्व हर्रैया पहुंचने पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता वीरेन्द्र प्रताप नारायण बब्लू के नेतृत्व में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का स्वागत किया जायेगा। इसी कड़ी में वे दिन में तीन बजे देवेन्द्र श्रीवास्तव के राय जय नरायन कालोनी मालवीय रोड स्थित आवास पर पहुंच कर उपस्थित लोगों से मुलाकात करेंगे।

जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारी पूरी की जा चुकी है।

### पिता की हत्या, बेटे ने लगायी न्याय की गुहार



—भारतीय बस्ती संवाददाता—

बस्ती। नगर बाजार थाना क्षेत्र के कोठवा भरतपुर निवासी विकास ने पुलिस अधीक्षक से अपने पिता के हत्या में शामिल लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन दिया है।

ज्ञात रहे कि कोठवा भरतपुर में विगत दिनों एक व्यक्ति की लाश झाड़ियां में मिली थी जिसकी शिनाख्त संतोष कुमार के रूप में हुई थी। परिजनों का कहना है कि स्थानीय पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है और न्याय के लिए हम लोग पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर क्षेत्राधिकारी सदर को ज्ञापन दिए हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया है कि जल्द ही न्याय मिलेगा।

ज्ञापन सौपते समय अजय सिंह, लाल चंद्र, रामानुज, राजकुमार के साथ बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल रही।

### सांड के हमले में युवक की मौत

—भारतीय बस्ती संवाददाता—

नगर बाजार (बस्ती)। नगर थाना क्षेत्र के खुटहन के पास साँड से टकरा कर तीस वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया ।मौके पर पहुँची नगर पुलिस ने एंबुलेंस से जिला अस्पताल बस्ती मे भर्ती कराया जहाँ डॉक्टरों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया।

दुबौलिया थाना क्षेत्र के ऊँजी निवासी 30वर्षीय रवी पुत्र फूल चंद जरूरी कार्य से बस्ती गए थे।वहाँ से काम पूरा कर वापस घर जा रहे थे। अभी वह नगर थाना क्षेत्र के खुटहन के पास पहुँचे ही थे कि सामने अचानक एक साँड से टकरा कर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुँचे थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह ने घायल को एंबुलेंस से जिला अस्पताल बस्ती मे भर्ती कराया जहाँ देखते ही डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस शव कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए बस्ती भेज दिया है ।थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि मृतक के पास मिले मोबाइल से परिजनों को सूचना दे दी गई है। परिजन भी जिला अस्पताल बस्ती पहुँच गए।

# बंगाल में बलात्कार की सजा मौत



**कोलकाता (आभा)।** कोलकाता कांड पर चहुंओर घिरी पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार बलात्कार के दोषियों को सख्त सजा देने के लिए एक ड्राफ्ट कानून मंगलवार को विधान सभा में पेश करने जा रही है। सरकार ने इस ड्राफ्ट बिल में बलात्कार के दोषी व्यक्तियों के लिए सजा–ए–मौत का प्रस्ताव किया है। ड्राफ्ट बिल के मुताबिक यदि दोषी बलात्कारी की करतूतों के कारण पीड़िता की मौत हो जाती है या वह अचेत अवस्था में चली जाती है, तो उसे सजा–ए–मौत देने का प्रावधान किया गया है।

रिपोर्ट के अनुसार, ड्राफ्ट बिल में यह भी प्रस्ताव किया गया है कि बलात्कार या सामूहिक बलात्कार के दोषी लोगों को आजीवन कारावास की सजा दी जाएगी। इस ड्राफ्ट बिल का नाम 'अपराजिता महिला एवं बाल विधेयक (पश्चिम बंगाल आपराधिक कानून एवं संशोधन) विधेयक 2024' रखा गया है।इस नए कानून का उद्देश्य मौजूदा कानूनों में संशोधन करना और यौन अपराधों के बारे में नए नियम जोड़कर महिलाओं और बच्चों की बेहतर सुरक्षा करना है।

## ट्रेन से गिरकर हो गई थी ओम प्रकाश की मौत समाजवादियों ने दुःखी परिवार को ढाढस बधाया



—भारतीय बस्ती संवाददाता—

बस्ती। समाजवादी पार्टी सांसद राम प्रसाद चौधरी, सपा जिलाध्यक्ष एवं सदर विधायक महेन्द्रनाथ यादव ने एक प्रतिनिधि मण्डल के साथ महादेवा विधानसभा क्षेत्र के छरदही गांव पहुंचकर ओम प्रकाश चौरसिया को श्रद्धां सुमन अर्पित किया। कहा कि पार्टी दुःखी परिवार के साथ है, राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने स्वयं प्रकरण को संज्ञान में लिया है, जितना संभव होगा दुःखी परिवार का सहयोग किया जायेगा। ज्ञात रहे कि ओम प्रकाश चौरसिया की ट्रेन हादसे में मौत हो गई थी।

सपा जिलाध्यक्ष एवं सदर विधायक महेन्द्रनाथ यादव ने बताया कि विधान सभा क्षेत्र महादेवा के ग्राम छरदही निवासी ओम प्रकाश चौरसिया अपनी बहन को लेकर मुम्बई जाने के लिए खलीलाबाद रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में चढ़ने के दौरान धक्का मुक्की में ट्रेन से नीचे गिर गये घायल अवस्था में लोगों ने खलीलाबाद स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार हेतु भर्ती कराया जहां डाक्टरों ने खराब स्वास्थ्य के कारण लखनऊ ट्रामा सेन्टर रिफर कर दिया जिनकी उपचार के दौरान मृत्यु हो गयी थी।

प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल के निर्देश के अनुरूप सपा प्रतिनिधि मण्डल में शामिल सांसद राम प्रसाद चौधरी, सपा जिलाध्यक्ष एवं सदर विधायक महेन्द्रनाथ यादव, हरीश चौरसिया एडवोकेट, राम नरेश चौरसिया, सूर्या चौरसिया आदि ने दुःखी परिवार से मिलकर ढाढस बंधाते हुये कहा कि दुःखी परिवार को पार्टी हर संभव सहयोग करेगी।

## दूकानों पर सीसीटीवी, सायरन लगवा लें स्वर्ण व्यापारी



—भारतीय बस्ती संवाददाता—

बस्ती। सोमवार को पुलिस लाइन सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह ने जनपद के स्वर्ण व्यापारियों से विस्तृत वार्ता किया और सुरक्षा के साथ ही अन्य मुद्दों पर उनसे सुझाव भी मांगें। उन्होने स्वर्ण व्यापारियों से आग्रह किया कि वे अपने दूकान, प्रतिष्ठानों में सी.सी.टी.वी. कैमरा और सायरन अवश्य लगवा लें जिससे किसी अप्रिय घटना को समय से रोका जा सके। इससे चोरी, डकैती आदि के मामले त्वरित, प्रभावी ढंग से निस्तारित हो सकेंगे।

अपर पुलिस अधीक्षक ने सर्राफा, स्वर्ण व्यवसाय संघ के पदाधिकारियों से कहा कि पुलिस द्वारा व्यापारियों को सुरक्षा से जुड़े पुलिस कन्ट्रोल रूम सहित अन्य आवश्यक नम्बर उपलब्ध करा दिये जायेंगे जिसे वे दूकानों, प्रतिष्ठानों पर चश्पा करा ले जिससे संकट के समय सुविधा रहे। कहा कि पुलिस प्रशासन सर्राफा, स्वर्ण व्यवसाय संघ के साथ है और हर संभव सहयोग किया जायेगा।

बैठक में सी.ओ. सदर सत्येन्द्र भूषण तिवारी, शहर कोतवाल विजय दूबे, विभिन्न थाना क्षेत्रों के थानाध्यक्ष के साथ ही सर्राफा, स्वर्ण व्यवसाय संघ के कुन्दनलाल वर्मा, हरि ओम प्रकाश 'लल्ला', विश्वनाथ वर्मा, सुनील गुप्ता, गुड्डू सोनी, रूपेश सोनी, प्रभात सोनी, आलोक सोनी, सूरज सोनी, वृजमोहन सोनी, रजनीश गुप्ता, सुरेन्द्र प्रसाद वर्मा, विशाल कुमार, महेन्द्र कुमार सोनी, प्रमोद सोनी के साथ ही बड़ी संख्या में स्वर्ण व्यापारी मौजूद रहे।

## मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज पीड़ितों ने किया न्याय की मांग



—भारतीय बस्ती संवाददाता—

बस्ती। रूधौली पुलिस ने तिगोडिया निवासी शिवचरन पुत्र राम लगन की तहरीर पर मारपीट के मामले में गांव के ही सुदामा, मनीष, अनिल, राम अवतार, धनई, सन्तोष, कृष्ण कुमार, मनोज यादव, उमेश यादव, गीता, पुष्पा, आरती के विरूद्ध बी.एन.एस. की धारा 191 (2), 191 (3), 110, 351 (2), 117 (2), 115 (2) के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है।

पुलिस को दिये तहरीर मे तगोडिया निवासी शिवचरन पुत्र राम लगन ने कहा है कि गांव के ही उक्त लोगों ने बच्चों के बीच विवाद को लेकर उसके चाचा राम मिलन को बुरी तरह से नसीबगंज चौराहे पर रोक कर मारा पीटा। बीच बचाव करने गये शिवचरन के भाई पवन कुमार को बुरी तरह से मारा पीटा जिससे उसका सिर फट गया और हाथ में काफी चोटे आयी। शिवचरन ने इस मामले में दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग किया है।

## होम्योपैथिक चिकित्सा क्षेत्र में अन्डमान निकोबार में सम्मानित किये गये डा. वी.के. वर्मा



—भारतीय बस्ती संवाददाता—

बस्ती। होम्योपैथिक चिकित्सक के रूप में तीन दशक से निरन्तर सेवा के साथ ही शोध क्षेत्र में सक्रिय जिला अस्पताल में आयुष चिकित्साधिकारी डा. वी.के. वर्मा को 29 अगस्त को केन्ट होम्योपैथी मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल अन्डमान निकोबार में आयोजित होम्योपैथिक सम्मेलन में डा. एच.पी. सिंह मेमोरियल एवार्ड से सम्मानित किया गया।

डा. वी.के. वर्मा ने बताया कि केन्ट होम्योपैथी मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल अन्डमान निकोबार में आयोजित सम्मेलन में देश विदेश के अनेक वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सकों ने हिस्सा लिया और उन्होने गुर्दे एवं पित्त की पथरी रोग में होम्योपैथिक औषधियों की भूमिका पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया।

5 दिवसीय अन्डमान निकोबार की यात्रा से लौटने के बाद डा. वर्मा ने बताया कि होम्योपैथिक सम्मेलन में हिस्सा लेने के साथ ही उन्होने समुद्री मार्ग की यात्रा किया और जिस कारागार में वीर सावरकर के साथ सैकड़ों स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बंद थे वहां पहुंचे। इस क्षेत्र को ही कभी काला पानी कहा जाता था। केन्ट होम्योपैथी मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल अन्डमान निकोबार के निदेशक डा. उत्पल कुमार, डा. साक्षी यादव ने डा. वी.के. वर्मा को विशिष्ट अतिथियों की मौजूदगी में डा. एच.पी. सिंह मेमोरियल एवार्ड से सम्मानित किया ।

डा. वी.के. वर्मा को डा. एच.पी. सिंह मेमोरियल एवार्ड से सम्मानित किये जाने पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. आर.एस. दूबे, एस.आई.सी. डा. बी.के. सोनकर, डा. सुरेश चन्द्र कौशल, डा. रामेश्वर मिश्र, डा. बी.बी. मिश्र, डा. के.के. सिंह, डा. रंजीत सिंह, डा. ए.के. चौधरी, डा. एस.बी. सिंह, डा. राम प्रकाश, डा. ए. के. वर्मा, डा. जी.एम. शुक्ल, डा. जुनेद अहमद, डा. सतीश चौधरी, डा. महेश प्रसाद, डा. आर.एन. चौधरी, डा. मनोज मिश्र, डा. चन्दा सिंह, डा. मदन सिंह, डा. इरफाना बानो, डा. रामजी सोनी, डा. एस.एस. कन्नौजिया, डा. नरेश अगग्रवाल, डा. एन.एन. त्रिगन, डा. राजेश पटेल, डा. अंकित चतुर्वेदी, डा. आर.पी. मौर्या, डा. वीरेन्द्र तिवारी, डा. एन.के. सिंह, गौतम, डा. अनिल पाण्डेय, डा. अनिल मिश्र, डा. श्याम नरायन चौरसिया के साथ ही अनेक चिकित्सकों, साहित्यकारों, समाजसेवियों ने प्रसन्नता व्यक्त किया है।

# पीएम मोदी ने शुरू किया भाजपा का सदस्यता अभियान

नई दिल्ली (आभा)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को दिल्ली में बीजेपी मुख्यालय में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सदस्यता अभियान–'संगठन पर्व, सदाशयता अभियान 2024' की शुरुआत की। पार्टी के कार्यक्रम में बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह और अन्य शीर्ष नेता शामिल हुए। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज सदस्यता अभियान का एक और दौर प्रारंभ हो रहा है। भारतीय जनसंघ से



अब तक हमने देश में एक नई राजनीतिक संस्कृति लाने का भरसक प्रयास किया है...अगर किसी दल में आंतरिक लोकतंत्र निरंतर नहीं पनपता तो वैसी स्थिति बनती है जो आज हम देश के कई दलों की देख रहे हैं।

मोदी ने कहा कि सदस्यता अभियान का एक और दौर प्रारंभ हो रहा है। भारतीय जनसंघ से लेकर अब तक हमने देश में एक नई राजनीतिक संस्कृति लाने का भरसक प्रयास किया है। कहा कि भाजपा एक मात्र दल है। जो अपनी पार्टी के संविधान के अनुसार अक्षरशरू लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं का पालन करते हुए अपने कार्य का विस्तार कर रहा है ।

## भाजपा नेता सुदामा का धरना समाप्तःखण्ड शिक्षा अधिकारी हर्रैया का तबादला

—भारतीय बस्ती संवाददाता—



बस्ती। खण्ड शिक्षा अधिकारी हर्रैया बड़कऊ बर्मा के स्थानांतरण व 84 कोसी परिक्रमा मार्ग के अन्तर्गत आने वाले गर्भूपुर,व बरसांव के किसानों के सर्किल रेट संशोधन की संस्तुति उपरान्त भाजपा नेता चन्द्रमणि पाण्डेय सुदामा का बेमियादी धरना समाप्त हुआ।

ज्ञात रहे कि जनहित की समस्यायों के निराकरण में कार्यवाही न होने के चलते सोमवार को एक बार पुनः जनपद के चर्चित समाजसेवी चन्द्रमणि पाण्डेय 'सुदामा' सैकड़ों समर्थकों संग जिलाधिकारी बस्ती के चैम्बर के सामने बेमियादी धरने पर बैठ गये। अतिरिक्त मजिस्ट्रेट व कोतवाल से वार्ता में श्री पाण्डेय ने कहा कि अब वह आश्वासन पर नहीं अपितु धरने से तब हटेंगे जब हमारी न्यायिक मांगों पर कार्यवाही हो जायेगी घंटों चले जद्दोजहद के उपरान्त धरनारत सात सदस्यीय टीम से जिलाधिकारी की वार्ता में खण्ड शिक्षा अधिकारी हर्रैया के गौर स्थानान्तरण व 84कोसी परिक्रमा मार्ग के सर्किल रेट में संस्तुति के साथ साथ शीघ्र कमेटी गठित कर अवैध बालू खनन व 100शैय्या अस्पताल में हुई नियुक्ति की जांच कराने व महूघाट विशेषरगंज मार्ग पर हाईट वैरियर लगाने के आश्वासन पर धरना समाप्त हो गया ।

ज्ञात हो कि इसके पूर्व श्री पाण्डेय उक्त समस्याओं के समाधान हेतु12 अगस्त को भी धरने पर बैठे थे किन्तु आश्वासन के क्रम में कार्यवाही न होने के चलते 22 अगस्त को अनुस्मारक पत्र देकर बेमियादी धरने की चेतावनी दिया था । मिली सफलता को उन्होंने अन्याय पर न्याय की जीत बताया । इस मौके पर भाजपा नेता जगतबली सुनील सिंह, विनोद पाठक, हनुमंत प्रसाद पाठक,प्रेम त्रिपाठी, राजीव पाण्डेय, हिन्दू महासभा के जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह , वेदप्रकाश त्रिपाठी, उपेन्द्र सिंह, जय प्रकाश त्रिपाठी, सत्यप्रकाश तिवारी, मोहंती गुप्ता किशन गुप्ता मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## उल्लास के साथ मनाया गया श्रीकृष्ण का छठ उत्सव

—भारतीय बस्ती संवाददाता—

बस्ती। श्रीकृष्ण के छठ पूजा अवसर पर कल्चरल क्वेस्ट नृत्य धाम डांस अकादमी द्वारा जिला अस्पताल के निकट स्थित जे.पी लॉन मे 'जन्मे हैं कृष्ण कन्हाई, वशिष्ठ की नगरी, में देखो बजे बधाई' सहित अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।



श्री कृष्णा लड्डू गोपाल 'माधव ' जी के जन्म के छठि उत्सव पर मुख्य अतिथि राजकीय महाविद्यालय की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर शैलजा सतीश, तथा विशिष्ट अतिथि कृति शुक्ला द्वारा श्री कृष्णा लड्डू गोपाल जी को पंचगव्य से स्नान, श्री श्रृंगार माल्यार्पण तथा छप्पन भोग का भोग लगाकर, 1001 दीपों से भव्य महा आरती किया। श्रीकृष्ण की पूजा बड़े ही परंपरागत तरीके से की गई ! डॉ. शैलजा सतीश ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण मानव इतिहास में मनुष्यता के सबसे बड़े मार्गदर्शक हैं । अतिथि श्रृंखला में डॉ नवीन श्रीवास्तव,संतोष सिंह,राहुल भैया, सुमन गिरी,आकांक्षा राज, शिवा त्रिपाठी,सरिता शुक्ला की उपस्थिति रही।

### —श्री कृष्ण मनुष्यता के सबसे बड़े मार्गदर्शक—डॉ. शैलजा सतीश

कार्यक्रम संयोजक कथक गुरु मास्टर शिव ने कहा कि कृष्ण ने केवल कहा नहीं बल्कि अपने शब्दों को सरकार करके दिखाया। उनके जीवन से समस्त छात्र– छात्राएं ,नृत्य साधक प्रेरणा लें और अपने लक्ष्य की प्राप्ति करें। सांस्कृतिक कार्यक्रम मे कलाकार आँशि, शालिनी, कमलेश शर्मा ,अपर्णा गिरी,चिंकी मिश्रा,तृषा चंद्र,काव्या मिश्रा, माही मिश्रा,तरुष चंद्रा,तनिष्क वर्मा, आदि ने सुन्दर प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर कमलेश शर्मा, राजकुमारी सोनी, दुर्गेश सोनी ,सुधा ,शुभम वर्मा, अदिति चौधरी,कल्पना चौधरी, हर्ष सोनी, आयुष्मान सोनी, सरिता शुक्ला, पिंकी, अंशिका,आंचल, धनुषधारी चतुर्वेदी, वीरेंद्र निषाद, इंद्रेश यादव, हनी, आदर्श के साथ ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# पूर्वांचल से ठगों की पार्टी सुभासपा का सफाया होगा- महेन्द्र राजभर

### —सुहेलदेव स्वाभिमान पार्टी के पदाधिकारी घोषितः राम सहाय राजभर जिलाध्यक्ष, पूर्णमासी युवा मंच जिलाध्यक्ष बने —समय आया तो काला चश्मा पहनकर ओम प्रकाश राजभर अपनों को भूल गये—राम सहाय

—भारतीय बस्ती संवाददाता—

बस्ती । सोमवार को सुहेलदेव स्वाभिमान पार्टी की बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष महेन्द्र राजभर की अध्यक्षता में प्रेस क्लब सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिला इकाई के गठन के साथ ही संगठन के मजबूती पर जोर दिया। सर्व सम्मत से राम सहाय राजभर जिलाध्यक्ष, जितेन्द्र राजभर जिला सचिव और पूर्णमासी राजभर को युवा मंच जिलाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया।

बैठक को सम्बोधित करते हुये सुहेलदेव स्वाभिमान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेन्द्र राजभर ने कहा कि अब पूर्वांचल से ठगों की पार्टी का सफाया होगा और राजभर समाज अब अपने स्वाभिमान की लड़ाई सुहेलदेव स्वाभिमान पार्टी के साथ मिलकर लड़कर अपना मान सम्मान हक अधिकार प्राप्त करेगा ।

सुहेलदेव स्वाभिमान पार्टी जिलाध्यक्ष बनाये जाने के बाद राम सहाय राजभर ने कहा कि सुभासपा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने हमारे साथ धोखा किया। सुभासपा में 20 साल हो गया हम



अपने बिजनेस और परिवार की चिंता न करते हुए है नेताजी को झुग्गी, झोपड़ियों में ले जाकर सदन तक पहुंचाया लेकिन आज जब कुछ मिलने का समय आया तो ओमप्रकाश राजभर ने काला चश्मा पहन लिए और अपने तमाम मुद्दे को भूलकर देश की सबसे बड़ी भ्रष्टाचार पार्टी में गठबन्धन करके जहां गरीब सर्व समाज का भला नहीं हो सकता और हम जैसे जमीनी कार्यकर्ता को भूल गये । इसी शोषण से सुभासपा पार्टी से इस्तीफा देकर हमनें अपना एक नया मार्ग चुना जिससे सर्व समाज के गरीबों को हक व हिस्सा अधिकार मान सम्मान दिला सके। कहा कि सुभासपा पार्टी उत्तर–प्रदेश में कुछ गिने–चुने चमचों की पार्टी बन गई है जो राजभर बिरादरी को राजनीति में बेचकर धनउगाही करने में लगे हैं आम जिले के कार्यकर्ताओं का अपमान करना ही उक्त लोगों का राजनीति हो गया है। इसे करारा जबाब दिया जायेगा।

कार्यक्रम में रामसुमेर राजभर, आज्ञाराम राजभर, रामबहोर राजभर, रामबहाल राजभर, सूरज राजभर, रामजतन राजभर, रामतीरथ राजभर, रामगोपाल राजभर, बब्बन राजभर, अब्दुल मजीद, राकेश राजभर, संगीता देवी, लीलावती देवी, माला देवी, शिवसहाय राजभर, रामफेर राजभर, मोहम्मद सलीम, मोहम्मद गुलाम, साबिर अली, संगीता राजभर, चमेली राजभर, मेवाती राजभर, दुर्गावती चौहान, सुभावती चौहान, केवली राजभर, किरन राजभर, ममता राजभर, अनीता राजभर, सुभावती राजभर के साथ ही अनेक नेता, कार्यकर्ता शामिल रहे।

# सड़क पर गाड़ दिया खूटा, अतिकमण से परेशान नागरिकों ने सभासद को सौंपा ज्ञापन

—भारतीय बस्ती संवाददाता—

बस्ती। सोमवार को वार्ड नम्बर 14 गड़गोड़िया के निवासियों ने सभासद को मोहल्ले के सड़कों पर अतिक्रमण सहित विभिन्न समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपा।



सभासद पंकज चौधरी को ज्ञापन सौंपते हुए मोहल्ले के निवासियों ने उन्हें मोहल्ले की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए बताया कि मोहल्ले की आम सड़कों पर मोहल्ले के कुछ लोंगों द्वारा स्थायी रूप से खूँटा गाड़कर बकरियां बांधी जाती है। मोटर साइकिल और ऑटो भी रास्ते मे खड़ा कर दिया जाता है जिससे कि आवागमन पूरी तरह अवरूद्ध हो जाता है। जब कभी किसी राहगीर द्वारा बकरियों को ठोकर आदि लग जाती है तो समस्या उत्पन्न हो जाती है। झगड़ा करने लगते है और फौजदारी पर आमादा हो जाते है। मना करने पर कहते है कि खूँटा हमने सड़क पर गाड़ा है किसी के घर पर नहीं।

मोहल्ले के निवासी विजय प्रकाश चौधरी,चंद्रभान चौधरी, लक्ष्मण चौधरी,जिलाजीत चौधरी व राजेश चौधरी ने ज्ञापन देते हुये कहा कि इन लोंगों द्वारा भवन निर्माण हेतु लाया गया सामग्री ईंट, गिट्टी आदि भी महीनों तक सड़क पर ही छोड़ दिया जाता है जिससे कि हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। अगर इन समस्याओं का समाधान न हुआ तो किसी दिन इसके गंभीर परिणाम हो सकते है। बसंत चौधरी,अनिल चौधरी,राम बचन चौधरी,सत्येंद्र चौधरी,महंथ रामकेवल दास आदि ने कहा कि अगर मोहल्ले की सड़कों पर से इन अतिक्रमणों को नही हटवाया गया तो ये एक बड़ी समस्या बन जाएगी।

ज्ञापन लेने के बाद सभासद पंकज चौधरी ने कहा कि इस समस्या का त्वरित निदान करते हुए मुहल्ले की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा अगर जरूरत पड़ी तो इसमे प्रशासन की मदद भी ली जाएगी।

ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से राज किशोर चौधरी,कन्हैया लाल चौधरी, बीरबल चौधरी,अनूप कुमार चौधरी, अवधेश कुमार,सुरेंद्र कुमार चौधरी, मोनू सहित तमाम मोहल्ले वासी लोग उपस्थित रहे।

# मां की मौत का बहाना कर फौजी की कार रख दी गिरवी

संवाददाता–गोरखपुर। गुलरिहा क्षेत्र में जालसाज एक सेवानिवृत आर्मी जवान से मां के मौत का बहाना कर 16 अगस्त को उसकी कार दो दिन के लिए मांगकर ले गए और तीसरे के हाथ गिरवी रख दी। एक सप्ताह तक इंतजार के बाद गाड़ी वापस नहीं मिली तो फौजी ने गुलरिहा पुलिस को तहरीर दी। इस बीच फौजी ने भी गाड़ी की खोजबीन शुरू की। एक सप्ताह बाद उसे गाड़ी मिल गई। जिसके बाद गुलरिहा पुलिस ने गाड़ी थाने लाकर बिना केस दर्ज किए ही गाड़ी ले जाने बात कही। इस पर गाड़ी मालिक बिना केस दर्ज हुए गाड़ी ले जाने से मना कर दिया। जिसके बाद गुलरिहा पुलिस ने आरोपित के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया। जानकारी के मुताबिक, क्षेत्र के मुगलहा निवासी बसंत प्रसाद चौहान सेना से सेवा निवृत्त सूबेदार मेजर हैं। वर्तमान में मानबेला सब स्टेशन पर एसएसओ के पद पर तैनात हैं। सब स्टेशन पर गुलरिहा क्षेत्र का एक लाइनमैन काम करता है, जिसने शाहपुर क्षेत्र के एचएन सिंह की रहने वाली अन्नू श्री को कार दिलवा दी। आरोप है कि अन्नू श्री अपनी मां की मौत का हवाला देते हुए दो दिन के लिए गाड़ी मांगी थी, एक सप्ताह बीत जाने के बाद गाड़ी वापस नहीं की तो बसंत प्रसाद ने अन्नू श्री से गाड़ी मंगवाने का दबाव बनाया। इस पर आरोपित ने इधर उधर का बहाना कर 22 अगस्त को गाड़ी वापस करने की बात कही। गाड़ी नहीं मिली तो पीड़ित ने गुलरिहा थाने में लिखित सूचना दी। आरोप है कि गुलरिहा पुलिस के रवैए को देखते हुए पीड़ित खुद ही गाड़ी की खोजबीन शुरू की तो पता चला की एक अन्य युवती और उसके भाई के साथ मिलकर अन्नू श्री ने गुलरिहा के सरैया निवासी एक युवक के पास गाड़ी 80 हजार रुपए में बंधक रख दी।

# मनबढ़ तस्करों ने पुलिसकर्मियों पर की फायरिंग, फरार

संवाददाता–अम्बेडकरनगर। गो तस्करों को पकड़ने गई पुलिस टीम पर फायरिंग करने का मामला सामने आया है। घटना एक दिन पहले की है। पुलिस टीम ने दो तस्करों को पकड़ लिया था लेकिन दो फरार होने में सफल रहे थे। मनबढ़ लोगों को सबक सिखाने के लिए रविवार भोर में लगभग 300 पुलिसकर्मियों ने अलनपुर गांव को घेर लिया और एक–एक घर में सर्च अभियान चलाया। दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है। पूरा अभियान लगभग चार घंटे से अधिक समय तक चला। इब्राहिमपुर थाना क्षेत्र का अलनपुर गांव अलग–अलग कारणों से अक्सर चर्चा में रहता है। एक दिन पहले पुलिस टीम पशु वध के आरोपियों की तलाश में निकली थी। अलनपुर गांव के पास बलरामपुर माइनर पर पुलिस ने घेराबंदी की तो आरोपी गिरफ्तार हुए थे, उन्हें पकड़ कर जेल भेज दिया। दो आरोपी फरार हो गए थे।

# जातिवाद देश के लिए जहर, हिंदू जातियों में न बंटें –चंपत राय




संवाददाता–संतकबीरनगर। शहर के ठाकुरद्वारा मोहल्ले के एक निजी मैरिज हॉल में विश्व हिंदू परिषद का 60वां स्थापना दिवस मनाया गया। मुख्य वक्ता चंपत राय ने कहा कि मंदिर आंदोलन की सफलता के बाद विहिप ने देश में गो हत्या पर प्रतिबंध, मतांतरण और लव जिहाद पर रोक लगाने के लिए अभियान चलाने का निर्णय लिया है। देश के सभी प्रखंडों में सेवा केंद्र शुरू करने और सभी पंचायतों में समिति गठित करने में विहिप के कार्यकर्ता से लेकर अधिकारी तक लगे हैं। सामाजिक जागरूकता के माध्यम से विहिप ने अब तक 63 लाख हिंदुओं को मतांतरित होने से बचाया, वहीं नौ गोरक्ष प्रांत के प्रांत मंत्री नागेंद्र ने कार्यकर्ताओं को परिषद के गठन, उद्देश्यों और प्रभाव के विषय में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विश्व हिंदू परिषद की स्थापना सभी हिंदू धर्म कार्य, संस्कार एवं संस्कृति को जागरूक करना और धर्मांतरण, लव जिहाद, गो हत्या रोकना, मठ मंदिर की रक्षा और धर्म आचार्यों के सम्मान की रक्षा करने के लिए हुई है।

लाखों हिंदुओं के बलिदान के बाद मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के मंदिर का निर्माण प्रारंभ हुआ है। इस दौरान जिलाध्यक्ष रविन्द्र नाथ सिंह, अजीत सिंह, डॉ. भारती, अनुराग त्रिपाठी, शौर्य प्रताप राय, रोहित त्रिपाठी, यशस्वी, शेष प्रताप सिंह, विजय पांडेय, अतुल सिंह, रौनक सिंह, कृष्ण पांडेय, आनंद शंकर पाठक आदि मौजूद रहे।

# दुबई में फंसे चार युवक, फैक्ट्री में बंधक बनाकर मजदूरी कराने का आरोप, जालसाजी का मुकदमा दर्ज

संवाददाता–संतकबीरनगर। टूरिस्ट वीजा पर विदेश भेजकर जालसाजी करने का मामला फिर सामने आया है। संतकबीर नगर के चार युवकों को टूरिस्ट वीजा पर एक संस्था ने दुबई भेज दिया और अब वह पिछले छह महीने से एक फैक्ट्री में बंधक बनकर मजदूरी कर रहे हैं। उसी जिले के महुली थाना क्षेत्र के भगता निवासी धर्मेंद्र कुमार की तहरीर पर कैंट पुलिस ने सिंघड़िया स्थित गल्फ टेक्निकल इंस्टीट्यूट के संचालक संतोष सिंह पर केस दर्ज कर लिया है। युवकों को धर्मेंद्र ने ही विदेश भेजवाया था। जानकारी के मुताबिक, धर्मेंद्र ने पुलिस को बताया कि अपने परिचित महुली के रोतापार निवासी नूर मोहम्मद के माध्यम से विदेश भेजने वाली संस्था गल्फ टेक्निकल इंस्टीट्यूट में गए थे। मालिक संतोष सिंह के द्वारा चार युवकों मोहम्मद कैफ, मोहम्मद नौशाद, निरंजन, डली मोहम्मद को विदेश भेजा गया। सभी से दो–दो लाख रुपये उसे दिए गए थे, जिसमें एडवांस के तौर पर एक लाख रुपये फोन पे के जरिए और एक लाख कैश दिया गया था। चारों युवक 23 फरवरी को दुबई भेजे गए। संस्था ने सभी को टूरिस्ट वीजा पर भेजा था। वहां जाने पर युवकों को नौकरी की जगह बंधक बनाकर मजदूरी कराई जा रही है। धर्मेंद्र ने बताया कि उन्हें मजदूरी नहीं दी जा रही है और तरह–तरह से प्रताड़ित किया जा रहा है। जिससे उन्हें कई प्रकार की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि किसी तरह से पीड़ितों ने उनसे संपर्क किया, जिसके बाद जानकारी हो सकी है। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# पत्नी का भरण पोषण न करने वाले पति को न्यायालय ने भेजा जेल

संवाददाता–सिद्धार्थनगर। प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय रमेश चन्द्र की अदालत ने पत्नी का भरण न करने वाले पति बदरुद्दीन पुत्र पीरूद्दीन को जेल भेजा दिया है। वह महराजगंज जनपद के पुरन्दरपुर थानाक्षेत्र के ग्राम बहोरपुर का रहने वाला है। शोहरतगढ़ थानाक्षेत्र की अशिया खातून की शादी वर्ष 2012 में महराजगंज जिले के पुरन्दरपुर थानाक्षेत्र के ग्राम बहोरपुर निवासी बदरुद्दीन पुत्र पीरूद्दीन के साथ हुई थी। उसे ससुराल वालों ने दहेज के लिए मार पीटकर घर से निकाल दिया था और कोई खोजखबर नहीं ले रहा था। कई बार पंचायत हुई, जिसमें भी उसे ससुराल वालों ने घर में रखने से इनकार कर दिया। मजबूर होकर उसने अपने पति के खिलाफ भरण पोषण की याचिका न्यायालय में दाखिल की थी। उसकी याचिका का निस्तारण वर्ष 2017 में ही हुआ था और न्यायालय ने आदेश दिया था कि पति प्रतिमाह तीन हजार रुपये पत्नी को भरण पोषण की धनराशि की अदायगी प्रतिमाह करें, लेकिन पति ने एक भी पैसे का भुगतान नहीं किया। पत्नी ने परिवार न्यायालय में भरण पोषण की धनराशि दिलवाने की गुहार लगाते हुए इजरा की याचिका दाखिल किया, लेकिन पति किसी न किसी बहाने आना कानी करता रहा और भुगतान नहीं किया। न्यायालय ने पति के खिलाफ गिरफ्तारी एवं वसूली वारंट जारी किया। इसके बावजूद भी कोई सफलता नहीं मिली। न्यायालय के समक्ष पति ने भरण पोषण की धनराशि पति को देने से इनकार कर दिया, जिससे न्यायालय ने उसे जेल भेज दिया। उसके ऊपर अगस्त तक कुल तीन लाख छह हजार रुपये भरण पोषण की धनराशि बकाया थी।

# हाइवे पुल पर दुर्घटना में पलटा ट्रक, वन वे हुआ आवागमन



संवाददाता–संतकबीरनगर। जिले में सोमवार की सुबह मेंहदावल बाईपास पुल पर दुर्घटना में एक ट्रक पलट गया। इससे इस लेन पर आवागमन ठप हो गया। एक ही लेन से दोनों तरफ का यातायात जारी रहा। यातायात पुलिस कर्मी ट्रक हटवाकर बहाल करने के लिए लगे हैं। यातायात निरीक्षक ने बताया कि मेंहदावल बाईपास पुल पर एक ट्रक खराब होकर खड़ा था। इस ट्रक में एक अनियंत्रित पिकप आकर भिड़ गया। इसके बाद ट्रक पलटने से आवागमन बाधित हो गया। वाहनों के संचालन के लिए नेदुला बाईपास से डायवर्जन कर दिया गया। नेदुला से डीघा बाईपास तक एक लेन से संचालन हो रहा है। यातायात बहाल कराने के लिए टीम लगी है।

# गीडा बाईपास के निर्माण और स्कूल ड्रेस में लागू हो पुरानी व्यवस्था, उद्यमियों ने मुख्य सचिव से की कई मांग

संवाददाता–गोरखपुर। लघु उद्योग भारती के मण्डल अध्यक्ष दीपक कारीवाल के नेतृत्व में गीडा के उद्यमियों का एक प्रतिनिधिमंडल लखनऊ के लोकभवन में मुख्य सचिव और औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह से मुलाकात की। इस दौरान उद्यमियों ने ट्रैफिक जाम से निजात के लिए गीडा बाईपास, प्राथमिक स्कूलों में ड्रेस की पुरानी व्यवस्था से लेकर 10 से अधिक मुद्दों पर चर्चा की।

मुख्य सचिव ने सभी मुद्दों पर सकारात्मक निर्णय लिए जाने का आश्वासन दिया। लघु उद्योग भारती ने मगहर से जुडियान, भलवटिया, बांसपार होते हुए तेनुआ टोल प्लाजा तक एक लिंक रोड बनाने की मांग रखी। जिससे उद्यमियों को एक वैकल्पिक मार्ग मिल सके। इसके साथ ही गोरखपुर में भी एमएसएमई विभाग का एक कार्यालय खोलने की मांग रखी। उद्यमियों ने रेडीमेड गारमेंट को लेकर एक कॉमन फैसिलिटी सेंटर की स्थापना पर जोर दिया। प्रतिनिधि मंडल ने रिक्त चल रहे प्रदूषण विभाग के क्षेत्रीय प्रबंधक पर पर नियुक्ति की मांग रखी। उद्यमियों ने उप्र एमएसएमई नीति 2022 के अन्तर्गत स्टाम्प ड्यूटी प्रतिपूर्ति के सम्बन्ध में शासनादेश जारी करने की मांग की। वहीं मांग हुई कि गीडा में नए उद्योगों को अपने उत्पादन प्रारंभ का प्रमाण देने पर उसे उत्पादन रत माना जाना चाहिए। विस्तारण शुल्क की सीमा को दो साल से बढ़ाकर तीन साल करने की मांग की गई। फायर एनओसी के लिए पानी टैंक की जगह प्रत्येक 10 उद्योग पर एक फायर हाइड्रेंट का कनेक्शन सार्वजनिक रूप से लगाने की मांग की गई।

प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि परिषदीय स्कूलों में बच्चों के लिए ड्रेस, जूता–मोजा व स्कूल बैग के लिए 1200 रुपये की धनराशि दी जाती है। पहले स्कूल ड्रेस खरीद कर बच्चों को मुहैया कराते थे। पिछले 2 वर्षों से बच्चों के अभिभावकों के खाते में धनराशि डीबीटी के जरिये भेजी जा रही है। इससे रेडीमेड सेक्टर को काफी नुकसान होता है। ऐसे में ड्रेस को लेकर पुरानी व्यवस्था बहाल होनी चाहिए। पावरलूम बुनकरों को बिजली में फिक्स चार्ज में छूट को लेकर भी मांगपत्र सौंपा गया।

# ठेले– खोमचे वालों को मिलेगी अलग जगह –डीएम

संवाददाता–संतकबीरनगर। शहर में जाम की समस्या दूर करने के लिए भी प्रशासन ने पहल की है। इसके तहत मेंहदावल बाईपास के आस–पास बने फुटपाथ पर दुकान लगाने वालों के लिए अलग से जगह दी जाएगी। इस स्थान पर ठेले खोमचे वालों की दुकानें लगवाई जाएंगी। साथ ही सड़क पर गाड़ी न खड़ी हो, इसके लिए भी प्रबंध किए जाएंगे। जमीन चिह्नित करने का कार्य शुरू हो गया है। शहर के मेंहदावल बाईपास के चौड़ीकरण व सुंदरीकरण का कार्य चल रहा है। यहां पर फुटपाथ का निर्माण कार्य करीब–करीब पूरा हो गया है। जो जगह बची है वहां ठेला–खोमचा वालों का कब्जा है। साथ ही सड़क पर ही वाहन खड़ा हो रहे हैं, जिसके कारण आने–जाने में लोगों को समस्या हो रही है। ऐसे में डीएम ने निर्देश दिए गए हैं कि ठेला–खोमचा लगाने वालों को दूसरे स्थान पर व्यवस्थित किया जाए। साथ ही सड़क पर खड़ा होने वाले वाहनों को वहां से दूर किया जाए। इसे लेकर तैयारी शुरू हो गई है। ठेला–खोमचा को अलग जगह देने के लिए जमीन चिन्हित करने का कार्य शुरू हो गया है। जल्द ही ठेला– खोमचा वालों को यहां से हटा दिया जाएगा।

# 7000 बुजुर्गों के खातों में नहीं पहुंच रही वृद्धा पेंशन, विभाग और बैंक के लगा रहे चक्कर

संवाददाता–संतकबीरनगर। जनपद के करीब सात हजार बुजुर्गों के बैंक खाते में पेंशन नहीं पहुंच पा रही है। ऐसा आधार का सत्यापन न होने से हो रहा है। इसके साथ ही बैंक स्तर से एनपीसीआई पोर्टल से बैंक खाते का लिंक न होने से जनपद के शहरी क्षेत्र के करीब 500 और ग्रामीण क्षेत्र के करीब 6500 लाभार्थियों को लाभ नहीं मिल पा रहा है।

तमाम लोग कंप्यूटर सेंटर पर आधार सत्यापन के लिए पहुंच रहे हैं। इसी तरह एनपीसीआई पोर्टल से बैंक खाते को लिंक कराने के लिए संबंधित बैंक शाखा का चक्कर लगा रहे हैं।

# 21 राजकीय विद्यालयों में प्रयोगशाला होगी बेहतर, प्रैक्टिकल में मिलेगी सुविधा

संवाददाता–सिद्धार्थनगर। राजकीय विद्यालयों में प्रैक्टिकल की सुविधा बेहतर होने वाली है। इसी साल के अंत तक जिले के 21 विद्यालयों में स्मार्ट प्रयोगशाला बनाए जाने की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। साथ ही विद्यालयों में मल्टीपर्पज हॉल और शुद्ध पेयजल के लिए आरओ की व्यवस्था की जाएगी।

सरकारी विद्यालयों में बच्चों का रुझान बढ़े। इसके लिए विद्यालयों को कान्वेंट की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है। सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं, जिससे शिक्षा का एक अलग माहौल बन सकें। विद्यालयों को बेहतर बनाए जाने के लिए स्मार्ट लैब बनाया जाना है। जिले के 21 राजकीय विद्यालयों में अतिरिक्त भवन, मल्टीपर्पज हॉल और शुद्ध पेयजल के लिए आरओ लगाया जाने के लिए भवन बनाने के कार्य आखिरी चरण में चल रहा है। इसके बनते ही लैब का काम शुरू हो जाएगा। क्योंकि उसी के हिसाब से कमरा तैयार किया जा रहा है। लैब में एक साथ कई बच्चे खड़े होकर प्रैक्टिकल कर सकें। यह कमरा रिसर्च सेंटर की तरह से रहेगा। सभी 21 विद्यालयों में यह काम इसी वर्ष पूरा हो जाएगा। विभागीय मॉनिटरिंग लगातार चल रही है, इसलिए काम तेजी से हो रहा है। इस संबंध में प्रभारी जिलाविद्यालय निरीक्षक दयाशंकर यादव ने बताया कि विद्यालयों में काम चल रहा है। जिसकी समय–समय पर समीक्षा होती है। स्मार्ट प्रयोग शाला बनाया जाएगा, जिससे बच्चों को सुविधा मिलेगी।

दूषित पानी होने से कई प्रकार की बीमारी होती है। इसलिए विद्यालयों में आरओ लगाया जाएगा, जिससे बच्चों को शुद्ध पेयजल मिल सके। हालांकि अभी विद्यालयों में हैंडपंप से बच्चे पानी पी रहे हैं। समय–समय पानी की जांच करवाई जाती है। जिससे बच्चों को परेशानी न हो। आरओ लग जाने से व्यवस्था और बेहतर हो जाएगी।

# नहीं होगी भूमि की दाखिल खारिज, एसडीएम ने लगाई रोक



संवाददाता–अयोध्या। कूटरचना कर बेची गई बरौली स्थित पौराणिक हुलास आश्रम की भूमि का मामला अब तूल पकड़ रहा है। कूटरचना करने वाले महंत व अन्य लोगों पर कार्रवाई न होने से ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है। ग्रामीणों की शिकायत पर तहसील प्रशासन ने संशोधन आदेश को निरस्त कर दिया था। अब एसडीएम ने बेची गई आश्रम की भूमि के दाखिल खारिज पर रोक लगा दी है।

उधर ग्रामीणों ने कूट रचना कर महंत रामचन्दर दास की तरफ से विक्रय की गई भूमि का बैनामा निरस्त करने के लिए वाद दाखिल किया गया है। बरौली के हुलास आश्रम के नाम लगभग 87 बीघा जमीन दर्ज है। यहां के महंत रामचन्दर दास ने राजस्व अभिलेखों में हेराफेरी कर आश्रम की भूमि को अपने नाम दर्ज करा लिया था। इस मामले में तहसीलदार न्यायालय को गुमराह किया गया। दैनिक जागरण ने जब इस मामले को उजागर किया तो तहसीलदार ने आदेश को निरस्त करते भूमि को फिर से आश्रम के नाम दर्ज कर दिया था।

# मगरमच्छ ने बकरी को बनाया शिकार

संवाददाता–गोरखपुर। गुलरिहा क्षेत्र के सियारामपुर गांव के कुदरिहा टोले में एक मगरमच्छ ने बकरी को अपना शिकार बना लिया। रोहिन नदी के पास बंधे के किनारे गड्ढे में दिखाई दिए मगरमच्छ को ग्रामीणों ने रविवार को काफी मशक्कत के बाद पकड़ा। इसके बाद वन विभाग को सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार, कुदरिहा टोले के निकट रोहिन नदी के पास एक गड्ढे में एक माह पूर्व लगभग आठ फीट लंबा मगरमच्छ दिखाई दिया था। इसकी सूचना ग्रामीणों ने तिनकोनिया रेंज के रेंजर लव सिंह को दी थी। वन विभाग की टीम ने पहुंचकर मगरमच्छ की काफी तलाश की, लेकिन वह नहीं मिला। इसके बाद टीम ने साथ लाई जाल ग्रामीणों को देकर मगरमच्छ दिखाई देने पर तत्काल सूचना देने की बात कही। दोपहर में गड्ढे के पास बकरियां चर रही थीं। उसी दौरान मगरमच्छ एक बकरी को पकड़ कर गड्ढे में खींच ले गया। इससे बाकी बकरियां चिल्लाते हुए भागने लगीं। बकरियों की शोर सुनकर अमरनाथ, शंभू, अभिषेक, काजू, विनोद, पवन आदि ग्रामीण गड्ढे की तरफ भागे तो उन्हें मगरमच्छ नजर आया। उन्होंने जाल को गड्ढे में डाल दिया और काफी मशक्कत के बाद मगरमच्छ को पकड़ लिया।

# भरे जाएंगे 264 सड़कों के गड्ढे, पांच लाख आबादी को हिचकोले से मिलेगी राहत

संवाददाता–सिद्धार्थनगर। पांच वर्ष से अधिक समय से सड़क के गड्ढों में हिचकोले खा रही पांच लाख से अधिक आबादी के लिए राहत भरी खबर है। 10 करोड़ रुपये की लागत से पीडब्ल्यूडी के राज्य मार्ग, जिला मार्ग व ग्रामीण क्षेत्र के 264 सड़कों में 550 किमी लंबाई में हुए गड्ढों का मरम्मत होगा। इससे शहर समेत ग्रामीण क्षेत्र की पांच लाख आबादी को सड़क के गड्ढों के हिचकोले से राहत मिलेगी।

शहर के नवीन मंडी से आगे सिहेंश्वरी मंदिर जाने वाले मार्ग पर पीडब्ल्यूडी की सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त होकर गड्ढे में बदल चुकी है। इन गड्ढों में जलभराव से वाहन व बाइक चालकों को तो हिचकोले खाने पड़ रहे है साथ ही पैदल राहगीरों की भी मुसीबत रहती है। अब मरम्मत की उम्मीद होने पर इस मार्ग से प्रतिदिन गुजरने वाले अकबर कहते है कि मरम्मत से सड़क के गड्ढों के हिचकोले से राहत मिलेगी। कुछ ऐसा ही हाल ग्रामीण सड़कों का भी है, जहां सड़क के गड्ढों से बेहाल हो चुके राहगीर सांसत झेल रहे है। शोहरतगढ़ क्षेत्र में तुलसियापुर चौराहे से रेड़वरिया मार्ग का निर्माण 2004–05 में पीएमजीएसवाई से हुआ था। बाद में यह सड़क पीडब्ल्यूडी को हस्तांतरित हो गया, लेकिन लंबे समय से खराब है। इसी मार्ग से प्रतिदिन आवागमन करने वाले क्षेत्र के मधवापुर, रेड़वरिया, औदही खुर्द, खरिकौरा,बेनीनगर, बसंतपुर के ग्रामीणों को सांसत झेलनी पड़ रही है। अब इस सड़क के भी मरम्मत की योजना से लोगों को गड्ढों के हिचकोले से राहत मिलने उम्मीद जगी है। पीडब्ल्यूडी के प्रांतीय खंड की 56, निर्माण खंड एक की 87 और निर्माण खंड दो की 121 सड़कों के मरम्मत की कार्ययोजना तैयार की गई है। इसमें पांच राज्य मार्ग, एक प्रमुख जिला मार्ग, 26 अन्य जिला मार्ग समेत अन्य ग्रामीण सड़कें शामिल है। इनमें शहर व बांसी क्षेत्र की सड़कों का मरम्मत भी होना है। पीडब्ल्यूडी के तीनों खंडों की तरफ से तैयार की गई कार्ययोजना में 231 ग्रामीण सड़कों का मरम्मत होना है। 860 किमी लंबी इन सड़कों में 550 किमी तक क्षतिग्रस्त होने से गड्ढे हो गए है, जिनकी मरम्मत की जाएगी। शोहरतगढ़ क्षेत्र के रेड़वरिया मोड़ से औदही खुर्द तक सड़क का निर्माण 20 वर्ष पहले हुआ था। 300 मीटर की यह सड़क दो गांवों रेड़वरिया व औदही को तो जोड़ती ही है। इसके अलावा इसी मार्ग से लोग खरिकौरा, बेनीनगर, बसंतपुर जाते है। वर्तमान में बदहाल हो चुकी इस सड़क के मरम्मत की उम्मीद जगी है। इसी तरह बढ़नी समय माता स्थान के सामने से मधवापुर मार्ग बैरिहवा गांव से मधवापुर होते हुए बढ़नी तक आती है। पिछले 20 वर्ष से मरम्मत नहीं होने से बदहाल हो चुकी इस सड़क के पुर्ननिर्माण की उम्मीद ग्रामीणों में जगी है। आरके भारद्वाज, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी ने कहा कि विभाग की क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत की कार्ययोजना बनाकर शासन को भेजने के बाद स्वीकृति मिलने पर मरम्मत कराई जानी है। इसमें राज्य, जिला व ग्रामीण सड़कें शामिल हैं।


## अदालती नोटिस

वाद के निपटारे के लिये सम्मन
(आदेश 5 के नियम 1 और 5 व्या0प्र0 संहिता 1908)
वाद संख्या 58/2024
न्यायालय– श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) नौगढ़ जिला सिद्धार्थनगर
केशव प्रसाद
बनाम
बालमुकुन्द आदि
1. बालमुकुन्द उम्र करीब 50 साल पुत्र स्व0 हजारी लाल साकिन बर्ड़पुर नं0– 14 टोला निश्चिन्तपुर तप्पा घोष परगना व तहसील नौगढ़ जिला सिद्धार्थनगर

**तारीख पेशी 24–09–2024**

प्रतिवादी ने आपके विरूद्ध के लिये वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में दिनांक **24–09–2024** को दिन में 10 बजे वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे अधिवक्ता प्लीडर द्वारा उप संजात हो सकते हैं। जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो बात से सम्बंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके न्यायालय में आपके उप संजात के लिये जो दिन नियत किया गया है वह इस वाद के अन्तिम निपटारे के लिये नियत दिन है। इसलिये आपको उस दिन अपने उन सब साक्षियों को या उन सब दस्तावेजों को पेश करने के लिये तैयार रहना चाहिये जिन पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिये निर्भर रहना चाहते हैं।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि अगर ऊपर बतायी गयी तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।

यह आज तारीख को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

न्यायाधीश

## अदालती नोटिस

सम्मन बरगज इनफिसाल मुकदमा
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाप्ता 200 ई0)
नं0मु0–321/2021
धारा– 30 उ0प्र0रा0संहिता 2006
अदालत– श्रीमान अपर जिला मजिस्ट्रेट सिद्धार्थनगर
राममिलन
बनाम
सरकार आदि
1. मुरली पुत्र झिन्नू 2. धर्मराज पुत्र विन्दा 3. अवधराज 4. संतराम पुत्रगण स्व0 नरेश समस्त साकिनान भकुटहवा परगना बांसी पूरव तहसील बांसी जिला–सिद्धार्थनगर

**तारीख पेशी 20–09–2024**

वाजेह हो कि ने आपके नाम एक नालिस बाबत दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 20 माह 09 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे दिन बमुकाम असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमे के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके हाजिरी के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तदलाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 02 माह 09 सन 2024 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

## अदालती नोटिस

न्यायालय सिविल जज (सी0डि0) सिद्धार्थनगर स्थान द्वारा निकाली गयी उद्घोषणा
प्रकीर्ण उत्तराधिकार वाद संख्या– 73/2024
1. फूलमती उम्र करीब 68 वर्ष पत्नी धर्मराज पाण्डेय 2. बृजेश उम्र करीब 46 वर्ष 3. अवधेश पाण्डेय उम्र करीब 38 वर्ष 4. रविन्द्र पाण्डेय उम्र करीब 36 वर्ष पुत्रगण धर्मराज पाण्डेय 5. वंदना उम्र करीब 34 वर्ष पुत्री धर्मराज पाण्डेय समस्त निवासीगण ग्राम भरमा तप्पा कुदारन परगना बांसी पूरव तहसील बांसी जिला–सिद्धार्थनगर
प्रार्थी/प्रार्थीगण
बनाम
इस्टेट
प्रा0 पत्र अन्तर्गत दफा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम

**तारीख पेशी 28–09–2024**

अपने मृतक को देय ऋण और प्रतिभूतियों को वसूल करने के लिये प्रमाण पत्र की अभिप्राप्ति के लिये सन 1886 ई0 के अधिनियम 7 के अधीन उत्तराधिकार का आवेदन के लिये।

चूंकि ने प्रमाण पत्र को अभिप्राप्ति के लिये आवेदन दिया है और सन 2024 के 09 के 28 दिवस आवेदन को सुनवाई के लिये नियत हुआ है। अतः यह उदघोषणा निकाली जाती है कि जिस किसी को उक्त आवेदन के सम्बन्ध में आपत्ति हो वह स्वयं या अभिवक्ता द्वारा ..10 बजे पूर्वान्ह न्यायालय सिविल जज (सी0डि0) सिद्धार्थनगर में नियत दिनांक पर उप संजात होकर अपनी आपत्ति पेश करें। उक्त दिनांक के अवसान पर फिर किसी की आपत्ति न सुनी जायेगी और आवेदन के सम्बन्ध में यथोचित आदेश पारित होगा।

20 के के दिवस को दिनांकित।

द0 हाकिम

## अदालती नोटिस

सम्मन बरगज इनफिसाल मुकदमा
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाप्ता 200 ई0)
कं0वाद सं0–T202317140100258
धारा– 144 उ0प्र0रा0संहिता 2006
अदालत– श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय हर्रैया जिला–बस्ती
फूललाल
बनाम
बनहा आदि
साकिन मौजा बिरऊपुर तप्पा गौर परगना बस्ती पश्चिम तहसील हर्रैया जिला–बस्ती
1. बनहा पुत्र भुजंगा साकिन व तप्पा गौर परगना बस्ती पश्चिम तहसील हर्रैया जिला–बस्ती 2. ग्राम पंचायत बिरऊपुर तप्पा गौर परगना बस्ती पश्चिम तहसील हर्रैया जिला–बस्ती 3. राज्य सरकार जरिये कलेक्टर बस्ती

**तारीख पेशी 03–09–2024**

वाजेह हो कि ने आपके नाम एक नालिस बाबत दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 03 माह 09 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे दिन बमुकाम असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमे के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके हाजिरी के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तदलाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम



**दैनिक भारतीय बस्ती**

**स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक प्रदीप चन्द्र पाण्डेय द्वारा दर्पण प्रिन्टिंग प्रेस वि0. नया हाल 1–4 A लोहिया काम्पलेक्स जिला पंचायत भवन गांधीनगर बस्ती (उ.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।**
**सम्पादक दिनेश चन्द्र पाण्डेय**

प्रबन्ध सम्पादक–**दिनेश सिंह**
संयुक्त सम्पादक–**प्रदीप चन्द्र पाण्डेय**
**अयोध्या–फैजाबाद कार्यालय–**
चतुर्भुजी मंदिर परिसर लक्ष्मण घाट अयोध्या–फैजाबाद
**लखनऊ कार्यालय–**
आशियाना चौराहा, एल.डी.ए. कालोनी, सेक्टर एच. कानपुर रोड लखनऊ।
**गोरखपुर कार्यालय–**
इलाहीबाग गोरखपुर।
मो09450567450 9336715406,
ई.मेल**bhartiyabasti@yahoo.com**
**bhartiyabasti@gmail.com**